भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1532

जिसका उत्तर 02.08.2023 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-163 पर लंबित सड़क निर्माण कार्य

1532. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत करने के बावजूद, विजयपुर में शिंदागी को हैदराबाद से जोड़ने वाले एनएच-163 के कर्नाटक के हिस्से को मंजूरी नहीं दी गई है और अब यह पांच साल से अधिक समय से लंबित है;

(ख) यदि हां, तो एनएच-163 पर लंबित सड़क निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है और सड़क परियोजना की मंजूरी दिए जाने में हो रहे विलंब के क्या कारण हैं; और

(ग) एनएच-163 पर लंबित सड़क निर्माण कार्य को मंजूरी देने और इसे पूरा करने की समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) कुल 465 किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग 163 तेलंगाना और छत्तीसगढ़ राज्य से गुजरता है न कि कर्नाटक से। संपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग 163 में विकास कार्यों का अनुमोदन किया जा चुका है/पूर्ण हो चुका है। विजावयुर-शिंदागी राष्ट्रीय राजमार्ग 50 पर है जो चित्रदुर्गा से बीदर तक है।

(ग) एनएच-163 सहित अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत प्रक्रिया है। एनएच-163 पर चल रहे विकास कार्यों का विवरण अनुबंध में है।

अनुबंध

'राष्ट्रीय राजमार्ग-163 पर लंबित सड़क निर्माण कार्य' के संबंध में श्री मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा दिनांक 02.08.2023 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1532 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

राष्ट्रीय राजमार्ग-163 पर चल रहे विकास कार्यों का विवरण

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत करोड़ रुपये में	स्थिति/कार्य पूरा होने की निर्धारित तिथि
1	राष्ट्रीय राजमार्ग-163 के हैदराबाद-मन्नेगुडा-रावुलापल्ली खंड के किमी.59/500 से 132/033 तक 2L+PS	359.27	20.10.2020 (अनंतिम रूप से पूर्ण)
2	राष्ट्रीय राजमार्ग-163 के हैदराबाद-भूपापट्टनम खंड के किमी 7/950 (उप्पल) से किमी 14/200 तक छह लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर	626.76	24.06.2024
3	राष्ट्रीय राजमार्ग-163 के हैदराबाद-भूपालापटनम खंड के किमी 14/200- 18/600 से 6 लेन + पीएस	48.32	11.10.2023
4	राष्ट्रीय राजमार्ग-163 के हैदराबाद-भूपालापटनम खंड के किमी 150+000 से किमी 159+000 तक 4 लेन + पीएस और किमी 165 + 400 से किमी 186 + 000 तक	317.19	17.07.2024
5	राष्ट्रीय राजमार्ग-163 के हैदराबाद-भूपालापटनम खंड के किमी 159/0 से 165/4 और 186/0 से 215/0 तक 2एल+पीएस	230.03	18.11.2020 (अनंतिम रूप से पूर्ण)
6	राष्ट्रीय राजमार्ग-163 के हैदराबाद-भूपपट्टनम खंड के किमी 215/0 से 231/0, किमी 236/0 से किमी 247/0, किमी 294/6 से किमी 307/3 तक सुदृढ़ीकरण	48.20	04.08.2023
7	राष्ट्रीय राजमार्ग-163 के हैदराबाद-भूपापट्टनम खंड के किमी 231420 से किमी 232580 तक सुधार	13.22	27.09.2023
8	राष्ट्रीय राजमार्ग-163 के हैदराबाद-भूपपट्टनम खंड के किमी 242400 से किमी 243240 तक सुधार	6.80	27.09.2023
9	राष्ट्रीय राजमार्ग-163 के हैदराबाद-भूपापट्टनम खंड के किमी 279/150 से 290/500 तक 2L+PS	136.22	स्वीकृत और निविदाएं आमंत्रित
10	राष्ट्रीय राजमार्ग-163 के हैदराबाद-भूपापट्टनम खंड के किमी 287200 से किमी 288240 तक सुधार	10.08	27.09.2023
11	भोपालपटनम-वारंगल-हैदराबाद सड़क एनएच-163 (पुराना एनएच-202) के किमी 0 से 36 (पुलिया सहित) तक 2-लेन सड़क का निर्माण	37.09	19/06/2021 (कार्य भौतिक रूप से पूरा हो गया है)
12	राष्ट्रीय राजमार्ग 163 को हैदराबाद (अप्पा जंक्शन के निकट ओआरआर) से किमी 14+000 पर मन्नेगुडा तक तेलंगाना राज्य में किमी 59+500 पर चार लेन का बनाया जाना	1130.42	सौंपा गया परन्तु नियुक्त नहीं किया गया

***